मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी – मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 16 मार्च, 1992 (फाल्गुन 26, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

श्री चक्रपाणि शुक्ल, भूतपूर्व सदस्य, विधान सभा का निधन उल्लेख.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा, कृषि मंत्री, कम्पनीज एक्ट 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश एग्रो पेस्टीसाइडस लिमिटेड भोपाल का छटवां एवं सातवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1981-82 एवं 1982-83 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री देशराज सिंह, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम बहादरा में पुलिस कर्मियों द्वारा फसल की अवैध जप्ती किये जाने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री कैलाश विजयवर्गीय, सदस्य, इन्दौर शहर में दूध के भावों में वृद्धि किये जाने की ओर राज्य मंत्री डेयरी विकास का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री नानालाल पाटीदार, सदस्य –

(क) जिला मंदसौर, तहसील मंदसौर के ग्राम नन्दावना के पास चौसला बांध बनाने,
(ख) जिला मंदसौर, तहसील सीतामऊ के ग्राम अगोर में पुलिस चौकी बनाने,
(ग) जिला मंदसौर, तहसील सीतामऊ के ग्राम लावरी में माध्यमिक शाला खोले जाने, तथा
(घ) जिला व तहसील मंदसौर के ग्राम बिलांत्री में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने,

(2) श्री हरीसिंह नरवरिया, सदस्य –

(क) जिला भिण्ड, तहसील मेहगांव के ग्राम गिंगरखी से मानिकपुरा तक सड़क निर्माण कराने,
(ख) जिला भिण्ड, तहसील मेहगांव के ग्राम मानिकपुरा में प्राथमिक पाठशाला प्रारंभ कराने, तथा
(ग) जिला भिण्ड, तहसील मेहगांव के ग्राम गिंगरखी में माध्यमिक शाला प्रारंभ किये जाने,

(3) श्री रामबहादुर सिंह परिहार, सदस्य, जिला राजगढ़ के आगरा बाम्बे रोड बीनागंज से व्हाया चाचौड़ा कालीपीपल मार्ग का निर्माण कराने,

(4) श्री प्रकाश जैन, सदस्य, जिला सागर के शनिचरी वार्ड स्थित प्राथमिक शाला भवन की मरमम्त किये जाने,

(5) श्री झुमुकलाल भेंडिया, सदस्य, जिला दुर्ग विकास खण्ड डोण्डी के ग्राम भैसबोड में हाई स्कूल खोलने,

(6) श्री दुलीचन्द जैन, सदस्य –

(क) जिला मंदसौर तहसील जावद के सखानियां (महाराज) के गंभीरी नदी पर स्टाप डेम बनाये जाने,
(ख) जिला मंदसौर तहसील जावद के ग्राम पालछा, सेमलिया में पैडाक बनाने,
(ग) विधान सभा क्षेत्र जावद के ग्राम अम्बा (परपाई) के नाले पर स्टाप डेम बनाने, तथा
(घ) जिला मंदसौर के ग्राम सखानियां में पशु चिकित्सालय खोले जाने,

(7) ठाकुर दरबार सिंह, सदस्य –

(क) जिला राजनांदगांव, विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के ग्राम नवागांव खुर्द के नाले पर रपटा बनाये जाने,
(ख) जिला राजनांदगांव तहसील कवर्धा के ग्राम चिलगुड़ा से मेहगांव मार्ग पर पड़ने वाले नालों पर पुल व रपटा निर्माण कराने, तथा
(ग) जिला राजनांदगांव तहसील अम्बागढ़ चौकी के ग्राम अम्बागढ़ में राजस्व न्यायालय स्थापित किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

5 घन्टे

6. वर्ष 1992-93 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

मांग संख्या 01	सामान्य प्रशासन
मांग संख्या 02	सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित व्यय
मांग संख्या 03	पुलिस
मांग संख्या 04	गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय
मांग संख्या 26	संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय
मांग संख्या 19	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
मांग संख्या 61	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं
मांग संख्या 65	विमानन विभाग

7. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक 2) विधेयक, 1992 (क्रमांक 6 सन् 1992) का पुरःस्थापन* करेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 15 मार्च, 1992

विजेन्द्र मेहता
सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा

---

* मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात